प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. 18वीं लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आज, भारतीय जनता पार्टी के सांसद ओम बिरला एनडीए के उम्मीदवार, के. सुरेश इंडी गठबंधन से हैं प्रत्याशी।

2. राज्य सरकार आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों को इलाज के लिए देगी 15 लाख रुपए, सीएम ने की घोषणा।

3. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने की नियमावली में संशोधन की सिफारिश,पिछड़ों को परीक्षा में पांच वर्ष छूट देने की अनुशंसा।

4. राज्य में मॉनसून पड़ा कमजोर, मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का किया पूपूर्वानुमान।

*********************

18वीं लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आज होगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला इस पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के उम्मीमदवार हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस सांसद के.सुरेश को इस पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मी दवारों ने कल नामांकन भरा। सरकार और विपक्ष में इस पद के लिए सहमति नहीं बन सकी है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से और निर्विरोध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्षी दलों के सदन के नेताओं से सहमति बनाने के लिए बातचीत की है। विपक्ष ने कुछ शर्ते रखी है और उपाध्यक्ष पद की मांग की है। श्री रिजिजू ने कहा कि सहमति में कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विपक्षी गठबंधन से अपने फैसले पर फिर विचार करने का आग्रह किया।

*********************

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कल शाम नई दिल्ली में मीडिया को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि मेहताब को पत्र लिखकर सूचित किया है कि राहुल गांधी सदन में विपक्ष के नेता होंगे। इस बीच कल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक भी हुई।

*********************

राज्य सरकार आयुष्मान कार्ड से वंचित वैसे सभी व्यक्ति, जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा मुहैया कराएगी। ऐसे में इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियाएं पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को दिया। वे कल स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को बेहतर बनाया जाए ताकि ग्रामीणों को यहां प्राइमरी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। इसके साथ स्वास्थ्य उप केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड लगाया जाए, जिसमें संबंधित स्वास्थ्य कर्मी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित हो, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी ग्रामीण उनसे संपर्क कर सके।

*********************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन आज धनबाद आएंगे। यहां वह बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन साथ ही परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। दोपहर बाद धनबाद में मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कल शाम जिले की उपायुक्त माधवी मिश्रा और एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

*********************

दुमका का विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला महोत्सव 21 जुलाई से शुरू होगा। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है।

*********************

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने जेपीएससी और जेएसएससी की ओर से आयोजित परीक्षाओं में अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों की अधिकतम उम्र सीमा में पांच वर्ष छूट देने की सिफारिश की है। आयोग ने इसके लिए नियमावली में आवश्यक संशोधन करने की अनुशंसा की है। वहीं आयोग ने मध्य प्रदेश की तर्ज पर ट्रिपल टेस्ट कराने की भी अनुशंसा की है। इसे लेकर कल आयोग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

*********************

जमीन घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को नामकुम के पुगडू स्थित लगभग नौ एकड़ जमीन 10 दिन में खाली करने को कहा है। इसके लिए ईडी की ओर से कल नोटिस जारी किया गया है। इससे पूर्व एक सितंबर 2023 को ईडी ने विष्णु अग्रवाल की 161 करोड़ बाजार मूल्य की तीन संपत्तियों को अंतरिम तौर पर जब्त कर लिया था। तीनों जमीनों में पुगडू मौजा की लगभग नौ एकड़ की खासमहल की जमीन भी शामिल है।

*********************

देवघर पुलिस की ओर से 15 दिनों की समय सीमा के अंदर ऑनलाइन पासपोर्ट सत्यापन प्रकिया पूरा की जा रही है। इस कार्य के लिए रांची की क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी आइएफएस मनिता कुमारी द्वारा देवघर पुलिस अधीक्षक, कार्यालय देवघर विदेशी शाखा को तीन प्रारूपों में सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस से सम्मानित किया गया। यह जानकारी पुलिस मीडिया सेल ने दी। इधर देवघर के ईसीएल चितरा कोलियरी परिसर में कोयला चोरों ने पुलिस पर हमला बोला। इसमें सीआईएसएफ इंस्पेक्टर अंश कुमार यादव घायल हुए हैं।

*********************

मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने कल पत्रकार वार्ता में बताया कि त्रुटिरहित निर्वाचक सूची के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन और मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाना आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 01 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित है।

*********************

साहिबगंज सदर अस्पताल में जिला के उपायुक्त हेमंत सती ने अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का उद्‌घाटन किया। उद्‌घाटन समारोह में उपस्थित उपायुक्त हेमंत सती ने कहा, यह अत्याधुनिक मॉड्यूलर ओटी हमारे जिला के स्वास्थ्य सेवाओं को एक नया आयाम देगा।

*********************

गोड्डा जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान से बायोडायवर्सिटी पार्क तक रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवक युवतियों ने हिस्सा लिया। हजारों की संख्या में लोगों ने सड़क के किनारे खड़े होकर गोड्डा को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में मानसून के विलंब होने पर तापमान बढ़ने लगा है। राजधानी का अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं पलामू और संथाल में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी का पूर्वानुमान है।

*********************

भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए राज्य की पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इन पांच खिलाड़ियों में चार खिलाड़ी नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर और निशा मिंज सिमडेगा जिले की रहने वाली हैं और एक खिलाड़ी बिनीमा धान खूंटी जिले की हैं। राष्ट्रीय कैंप बेंगलुरू के साईं सेंटर में चलेगा। कैंप के बाद भारतीय टीम का चयन होगा।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने आयुष्मान कार्ड से वंचित राज्य के लोगों को 15 लाख रुपये इलाज के लिए दिए जाएंगे मुख्यमंत्री की इस घोषणा को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव को प्रमुखता से लेते हुए लिखा है स्पीकर पद रार, चुनाव आज।

इरफान और दीपिका के मंत्री बनाए जाने की संभावना की खबर को प्रभात खबर ने अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है आयुष्मान कार्ड नहीं, फिर भी मिलेगा लाभ। दैनिक भास्कर की सुर्खी है सुनीता विलियम्स को 7 दिन में अंतरिक्ष से लौटना था पर यान में लीकेज के कारण 19 दिन से वहीं हैं , जुलाई में वापसी की उम्मीद।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है रांची पुलिस को मिली नशा कारोबारियों के खिलाफ सफलता, आठ गिरफ्तार।

ओम बिरला का लोकसभा अध्यक्ष बनना तय राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस खबर को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

********************